**खतरा** लंबे समय से सड़क पर भरे गंदे पानी से फैल सकती है बीमारी, ग्रामीणों में रोष

# राजा कछार ग्राम पंचायत में उड़ रही स्वच्छता की धज्जियां



**नवभारत,गोटेगांव।** एक ओर सरकार स्वच्छता को लेकर करोड़ों खर्च कर अभियान चला रही है, वहीं जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत राजा कछार के तिरका गांव में जमीनी हकीकत दावों के उलट नजर आ रही है।

गांव के मुख्य मार्ग पर प्रहलाद पटेल के मकान के सामने पिछले लंबे समय से 24 घंटे गंदा पानी जमा रहता है, जिससे न केवल राहगीरों का निकलना दूभर हो गया है बल्कि क्षेत्र में संक्रमण फैलने का भय भी बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने और पंचायत प्रशासन की घोर उदासीनता के कारण यह समस्या अब विकराल रूप ले चुकी है। स्थानीय निवासियों द्वारा सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक को कई बार इस नारकीय स्थिति से अवगत कराया गया, किंतु जिम्मेदारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। पंचायत कर्मियों की इस अनदेखी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों को डर है कि ठहरे हुए दूषित पानी के कारण गांव में कोई बड़ी महामारी पैर पसार सकती है। त्रस्त ग्रामीणों ने अब जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों से इस गंभीर समस्या के शीघ्र निराकरण की मांग की है ताकि ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ हो रहा यह खिलवाड़ रुक सके।

## सड़क पर पसरी गंदगी, संक्रमण का बढ़ा खतरा



**नवभारत,गोटेगांव।** जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नगवारा में स्वच्छता अभियान के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। दीवारों पर लिखे स्वच्छता के नारे केवल कागजी औपचारिकता बनकर रह गए हैं, जबकि धरातल पर पंचायत की अनदेखी के कारण ग्रामीणों को नारकीय जीवन जीने पर मजबूर होना पड़ रहा है। गांव के मुख्य प्रवेश मार्ग पर ही नाली का गंदा पानी सड़क पर जमा हो रहा है, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत जब मार्ग का निर्माण किया जा रहा था, तब ठेकेदार ने उचित पुलिया बनाने के बजाय केवल एक पाइप डाल दिया था। वर्तमान में यह पाइप पूरी तरह चौक हो चुका है, जिसके कारण हैंडपंप और नालियों का पानी आगे नहीं निकल पा रहा है। निकासी न होने से पीएम सड़क पर भारी मात्रा में गंदा पानी भरा रहता है, जो अब मच्छरों के पनपने का केंद्र बन गया है। इससे क्षेत्र में संक्रामक बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर समस्या की जानकारी होने के बावजूद ग्राम पंचायत द्वारा जल निकासी के लिए कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। एकत्रित गंदे पानी और उससे उठने वाली दुर्गंध के कारण ग्रामवासियों में पंचायत प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश व्याप्त है।

## बच्चों को मोबाइल से दूर कर मैदान से जोड़ें : नम्रसागर

**नवभारत,गोटेगांव।** समीप करकबेल- जीवन का अच्छा उद्देश्य बनाना ही परमात्मा की श्रेष्ठ भक्ति है और संसार की बाधाओं के बीच भगवान का स्मरण ही कष्टों से मुक्ति का मार्ग है। यह मंगल विचार आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के शिष्य ऐलक श्रीनम्रसागर महाराज ने स्थानीय जैन मंदिर धर्मशाला में आयोजित धर्मसभा के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने संस्कारों पर जोर देते हुए कहा कि केवल किताबी ज्ञान जीवन को सफल नहीं बना सकता, बल्कि सदाचार और नैतिकतापूर्ण जीवन जीना ही वास्तविक शिक्षा है। महाराजश्री ने अभिभावकों को सचेत करते हुए कहा कि आज बच्चे मोबाइल में अपना बचपन खो रहे हैं, उन्हें खेल के मैदानों और अच्छी किताबों की ओर प्रेरित करने की आवश्यकता है क्योंकि मोबाइल का मनोरंजन मानसिक थकान देता है जबकि मैदान का खेल स्वास्थ्य और बुद्धि विकसित करता है। उन्होंने सीख दी कि जिंदगी की परीक्षा साल में एक बार नहीं बल्कि हर दिन होती है, जहां हिम्मत और बुद्धिमानी से समाधान खोजना प ?ता है। गौरतलब है कि महाराज श्री के सानिध्य में 24 फरवरी से 3 मार्च तक अष्टाह्निका महापर्व के अवसर पर आठ दिवसीय भक्ति महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

## दो-दो उप स्वास्थ्य केंद्र भवन फिर भी इलाज को तरस रहे ग्रामीण



**नवभारत,गोटेगांव।** जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम कमोद में स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल है। नगर से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस गांव में विडंबना यह है कि यहाँ स्वास्थ्य विभाग के दो-दो भवन मौजूद हैं, लेकिन ग्रामीणों को इलाज के लिए आज भी भटकना पड़ रहा है। एक ओर वर्षों पुराना उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन उपेक्षा का शिकार होकर जर्जर हो चुका है, तो वहीं दूसरी ओर शमशान घाट के पास एक नया दो मंजिला आलीशान भवन बनकर तैयार है, जिसका उद्घाटन भी हो चुका है। बावजूद इसके, ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर शून्य हासिल हो रहा है। ग्रामीण संतोष कहार, राजेश कहार सहित अन्य निवासियों ने बताया कि यह केंद्र महीने में बमुश्किल एक या दो बार ही खुलता है। कई बार तो चार-चार महीने तक यहाँ ताला लटका रहता है, जिससे छोटी-बड़ी बीमारियों के उपचार के लिए भी लोगों को गोटेगांव भागना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार, स्वास्थ्य कर्मी केवल मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण के लिए आते हैं, लेकिन उस दिन भी केवल वैक्सीनेशन ही होता है, अन्य कोई उपचार उपलब्ध नहीं कराया जाता। पुराने भवन की स्थिति इतनी चिंताजनक है कि दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं और बारिश में छत टपकती है। हालांकि अब गांव में नई दो मंजिला बिल्डिंग निर्मित हो चुकी है, लेकिन वह भी बंद ही रहती है। ग्रामीणों की मांग है कि जिस तरह सरकार ने भवनों का निर्माण कराया है, उसी तत्परता से यहाँ स्थाई स्वास्थ्य कर्मियों की पदस्थापना भी की जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को समुचित और निरंतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

## दम तोड़ती यातायात व्यवस्था ,सड़कों पर अतिक्रमण, जिम्मेदार मौन

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर की मुख्य सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण ने यातायात व्यवस्था को पूरी तरह से पटरी से उतार दिया है, जिससे शहरवासियों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। रिक्शा स्टैंड से भगतराम चौराहा, गुप्ता चौकसे ठाकुर बाबा मार्ग और पेट्रोल पंप के समीप मुख्य मार्ग तक, हर जगह सड़कों पर अवैध कब्जों के कारण रास्ते संकरे हो गए हैं। आलम यह है कि सड़क किनारे एक भी वाहन खड़ा होने पर तुरंत लंबा जाम लग जाता है, जिससे राहगीरों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को घंटों परेशान होना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते अतिक्रमणकारी बेखौफ हैं, जिससे न केवल समय की बर्बादी हो रही है बल्कि दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बढ़ गया है। नगर की सुंदरता और सुगमता को बहाल करने के लिए अब जनता ने प्रशासन से नियमित अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई और यातायात के सुदृढ़ीकरण की मांग की है। बिना सख्त कदम उठाए, नगर को इस जाम के झाम से मुक्ति मिलना असंभव नजर आ रहा है।



# धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर हाथकरघा और गौशाला केंद्र का किया अवलोकन

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस संत मोनी महिला महाविद्यालय की छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण दल सागर जिले के रानगिर स्थित हरसिद्धि माता मंदिर तथा बीना बारह स्थित ऐतिहासिक जैन मंदिर हाथकरघा का केंद्र गौशाला और महाराजपुर के निकट 64 योगिनी मठ आदि क्षेत्र में वहां की प्राकृतिक छठा प्राकृतिक सौंदर्य धर्म और आस्था के केंद्रो का अध्ययन के लिए भ्रमण किया गया। तेंदूखेड़ा से बस द्वारा रवाना हुये इस भ्रमण दल का नेतृत्व और मार्गदर्शन संस्था के प्रबंध निदेशक डॉ प्रकाश जैन और संस्था की प्राचार्य डॉक्टर किरण प्रभा जैन ने किया साथ में संस्था समिति सदस्य चंद्रभूषण पाठक एनएसएस प्रभारी श्रीमती अरुणा जैन वरिष्ठ प्राध्यापक सीताराम रैकवार समस्त स्टाफ लगभग 40 छात्राएं शामिल थी।

# डिवाइडर से टकराकर पिकअप पलटा, तीन मजदूरों की मौत, 7 घायल





**नरसिंहपुर।** निर्माणाधीन ब्रिज के डिवाइडर से टकराकर पिकअप वाहन पलट गया। हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई जबकि 7 घायल हैं।

3 की हालत गंभीर है। सूआतला थाना पुलिस के अनुसार, हादसा सोमवार को बरमान चौकी क्षेत्र में नेशनल हाईवे 44 पर हुआ। वाहन में कुल 10 मजदूर सवार थे। ये सभी छिंदवाड़ा जिले के सुरला खापा गांव निवासी बताए जा रहे हैं। वे नरसिंहपुर के राजमार्ग क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य के लिए जा रहे थे। थाना प्रभारी प्रियंका केवट ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में वाहन का अनियंत्रित होना दुर्घटना की वजह माना जा रहा है। दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। एक घायल ने अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ा। हादसे में फूलवती (50) पति शंकर गोंडनारायण (55) पिता गोलू ठाकुर, खुर्सनिया बाई (50) पति नारायण ठाकुर, सुम्मी पति (40) झामु उइके, रतन सिंह ठाकुर घायल हुए हैं। बाकी दो घायलों और मृतकों की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है।



# जिला शांति समिति की बैठक आयोजित

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रजनी सिंह की अध्यक्षता में जिले में आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक मनाए जाने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। यह बैठक जिले में आगामी 2 मार्च को होली (धुरेड़ी), 8 मार्च को रंगपंचमी, 19 मार्च को चैत्र नवरात्र प्रारंभ और 21 मार्च को ईद-उल-फितर का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाये जाने के संबंध में उक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषीकेश मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, पं. मैथिलीशरण तिवारी, डॉ. हरगोविंद सिंह पटेल, लाल साहब जाट, नरेन्द्र राजपूत, गुड्डू मालगुजार, प्रताप सिंह गुमास्ता, शिवकुमार सिंह राजपूत सहित अन्य सदस्यगण और अधिकारी मौजूद थे।

### एक नजर में

## चिया सीड से चमकी किस्मत, 13 एकड़ में उगी सफलता की फसल

**नवभारत,नरसिंहपुर।** परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए जिले के नरसिंहपुर तहसील के ग्राम धुबघट के प्रगतिशील कृषक भैयालाल पटेल ने अपनी 13 एकड़ कृषि क्षेत्र की भूमि में सुपरफूड चिया सीड की खेती कर कृषि नवाचार की नई दिशा प्रस्तुत की है। कम लागत, कम पानी और अधिक लाभ देने वाली इस फसल ने जिले के किसानों के लिए संभावनाओं के नए द्वार खोल दिए हैं। उपसंचालक कृषि मोरिस नाथ, परियोजना संचालक आत्मा आरपी झारिया एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र नरसिंहपुर डॉ. विशाल मेश्राम ने खेत का भ्रमण कर फसल की स्थिति का निरीक्षण किया तथा उत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन एवं सामयिक सलाह दी। अधिकारियों ने कृषक के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे जिले के अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायी बताया। कृषक पटेल ने बताया कि चिया सीड की फसल लगभग 100 से 120 दिनों में तैयार हो जाती है। इसकी बुवाई माह अक्टूबर-नवंबर (रबी सीजन) में की जाती है तथा प्रति एकड़ लगभग 2.5 किलोग्राम बीज की आवश्यकता होती है। यह फसल कम उर्वरक एवं सीमित सिंचाई में तैयार हो जाती है और पशुओं से भी सुरक्षित रहती है। प्रति एकड़ 4 से 6 क्विंटल तक उत्पादन प्राप्त होता है। वर्तमान में इसका थोक बाजार मूल्य 21 से 23 हजार रुपये प्रति क्विंटल तक है, जिससे प्रति एकड़ एक लाख रुपये से अधिक की आय संभावित है। चिया सीड को चिकित्सकीय दृष्टि से सुपरफूड माना जाता है। इसमें ओमेगा- 3 फैटी एसिड, फाइबर, प्रोटीन, कैल्शियम एवं एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य, पाचन तंत्र, वजन नियंत्रण एवं ब्लड शुगर प्रबंधन में सहायक हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी मांग निरंतर बढ़ रही है। इसका प्रमुख विपणन क्षेत्र नीमच, जबलपुर एवं राजस्थान है। कलेक्टर रजनी सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में इस प्रकार के नवाचार को बढ़ावा दिया जाए तथा अन्य किसानों को फील्ड भ्रमण के माध्यम से चिया सीड की खेती के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो और कृषि को अधिक लाभकारी बनाया जा सके।

## जबलपुर जोन में पदों पर जल्द शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया

**जबलपुर, नवभारत।** रेल मंत्रालय ने वर्ष 2026 में सहायक लोको पायलट (एएलपी) के 11 हजार 127 पदों पर भर्ती की मंजूरी दी है। रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे के लिए वेतन स्तर-2 के इन पदों पर केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना जारी करने का निर्णय किया है। रिक्तियों का जोनवार ब्योरा भी निर्धारित किया गया है। पूर्व तटीय रेलवे में सर्वाधिक 1625 तथा पूर्वोत्तर रेलवे में सबसे कम 105 तथा पश्चिम मध्य रेलवे में 541 पदों पर जल्द ही अधिसूचना जारी कर भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। रेलवे बोर्ड ने भारतीय रेलवे के सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधकों को 19 फरवरी को लिखे पत्र में कहा है कि ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम (एचआरएमएस) के इंडेंट मैनेजमेंट माड्यूल में जोनल रेलवे द्वारा भेजे गए सहायक लोको पायलट पदों के आकलन की समीक्षा की गई है।

## सड़क के रास्ते घर में घुसा 6 फीट लंबा सांप


**जबलपुर।** आधारताल स्थित सुहागी में उस समय अफरा-तफरी मच जब एक 6 फीट का सांप घर के अंदर घुस गया। जानकारी के मुताबिक अधार ताल थानांतर्गत ग्राम सुहागी निवासी सीता बाई तिवारी के घर में सांयकाल 04 बजे अचानक सड़क मार्ग से रेंगते हुए एक छ: फीट लंबा सांप प्रवेश कर गया और बैठक कक्ष में जा छिपा। इस कारण परिजनों में दहशत व्याप्त हो गई। सीता बाई ने पुलिस कंट्रोल रूम में संपर्क किया यहां से सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को सूचना दी गई जिन्होंने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।

## छात्रावास में जागरूकता शिविर एवं प्रतियोगिता आयोजित

**नवभारत,नरसिंहपुर।** आदिवासी बालिका छात्रावास नरसिंहपुर में मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट हब फॉर वुमेन इंपॉवरमेंट के तहत जागरूकता शिविर एवं निबंध व पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। यह आयोजन बालिकाओं में जागरूकता, आत्मविश्वास एवं अधिकारों के प्रति सजगता विकसित करने की दिशा में सार्थक पहल सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में छात्रावास की बालिकाओं ने विभिन्न सामाजिक कुप्रथाओं, महिला एवं बाल हिंसा जैसे विषयों को चित्रों एवं निबंधों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। साथ ही उन्हें महिला अधिकारों, सुरक्षा प्रावधानों एवं शासन की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# लूट का खुलासा करने वाली टीम को किया गया सम्मानित

**नवभारत,नरसिंहपुर।** ज्ञात हो कि दिनांक 03.02.2026 की रात्रि जिला नरसिंहपुर अंतर्गत थाना कोतवाली में नरसिंहपुर नगरीय क्षेत्र स्थित होटल कुसुम वैली में 04 नकाबपोश व्यक्तियों द्वारा लगभग 75 लाख रूपये नगदी लूट की घटना घटित की गई थी। उक्त प्रकरण में अज्ञात आरोपियों की पतारसी/गिरफ्तारी एवं लूटी गई संपत्ति की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक, संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी नरसिंहपुर, मनोज गुप्ता के निर्देशन में पुलिस टीम का गठन किया गया था। गठित की गयी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर घटना के 06 घंटों के अंदर तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्य का संकलन कर घटना का खुलासा करते हुए 04 नकाबपोश आरोपियों की गिरफ्तारी की गई एवं उनसे लूटी गई राशि रू. 68 लाख बरामद किए गए। देर रात्रि घटना में संलिप्त शेष अन्य 03 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। लूट के प्रकरण में अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर मात्र 6 घंटे के भीतर गिरफ्तारी एवं चोरी गए मशरूका की बरामदगी करने की सराहनीय कार्यवाही के लिए पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश कैलाश मकवाणा द्वारा संपूर्ण पुलिस टीम को प्रशंसा पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा की गई है।



पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल

:: आदेश ::

दिनांक 03.02.2026 की रात्रि जिला नरसिंहपुर अंतर्गत थाना कोतवाली में नरसिंहपुर नगरीय क्षेत्र स्थित होटल कुसुम वैली में 04 नकाबपोश व्यक्तियों द्वारा लगभग 75 लाख रूपये नगदी लूट की घटना घटित की गई. जिस पर थाना कोतवाली, जिला नरसिंहपुर में अपराध क्रमांक 80/26 धारा 309(6), 3(5) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त प्रकरण में आरोपियों की पतारसी/गिरफ्तारी एवं लूटी गई संपत्ति की बरामदगी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर घटना के 06 घंटों के अंदर तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्य का संकलन कर, घटना का खुलासा करते हुए 04 नकाबपोश आरोपियों की गिरफ्तारी की गई एवं उनसे लूटी गई राशि रू. 68 लाख बरामद किए गए। देर रात्रि घटना में संलिप्त शेष अन्य 03 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई।

अतः उक्त अच्छे कार्य हेतु निम्नांकित अधिकारियों/कर्मचारियों को उत्साहवर्धन हेतु निम्नानुसार नगद पुरस्कृत किया जाता है :-

| स.क्र. | नाम एवं पद | पदस्थापना | पुरूस्कार राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | निरीक्षक गौरव चाटे | थाना प्रभारी, कोतवाली | रू. 5,000/- |
| 2. | निरीक्षक सौरभ पटेल | थाना प्रभारी, स्टेशनगंज | रू. 5,000/- |
| 3. | उ.नि. मनीष मरावी | थाना कोतवाली | रू. 4,000/- |
| 4. | प्र.आर. 248 शैलेन्द्र तिवारी | थाना कोतवाली | रू. 2,000/- |
| 5. | आर. 311 प्रहलाद माधवे | थाना कोतवाली | रू. 1,000/- |
| 6. | आर. 642 रोहित चम्पुरिया | थाना कोतवाली | रू. 1,000/- |
| 7. | आर. 302 जितेन्द्र सिंह | पुलिस लाईन नरसिंहपुर | रू. 1,000/- |
| 8. | आर. 616 श्रेय अवस्थी | थाना कोतवाली | रू. 1,000/- |
| 9. | आर. 528 कुलदीप साहू | थाना कोतवाली | रू. 1,000/- |
| 10. | आर. 522 लक्ष्मी नगपुरे | पुलिस लाईन नरसिंहपुर | रू. 1,000/- |
| 11. | आर. 163 यमन बागरी | थाना कोतवाली | रू. 1,000/- |

# नियमों को ताक पर रखकर हो रहा निर्माण



**नवभारत,गाडरवारा।** नगर पालिका परिषद गाडरवारा के अंतर्गत केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। नगर के विभिन्न वार्डों में जे.एस.के. कंस्ट्रक्शन द्वारा पाइपलाइन बिछाने और पानी की टंकी निर्माण का कार्य किया जा रहा है, लेकिन गुणवत्ता के नाम पर यहाँ केवल खानापूर्ति हो रही है।

स्थानीय नागरिकों का धैर्य अब जवाब दे रहा है और उन्होंने निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। सड़कों की हालत खस्ता, दुर्घटनाओं को आमंत्रण ग्राउंड रिपोर्ट के अनुसार, ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन डालने के लिए सड़कों को खोदा तो गया, लेकिन कार्य पूर्ण होने के बाद उनकी मरम्मत नहीं की गई। जगह-जगह फैली गिट्टी और मलबे के कारण आवागमन दूभर हो गया है। सबसे बड़ी लापरवाही यह देखी गई कि पाइप बिछाने के बाद गड्ढों को नियमानुसार डस्ट (रेत मिश्रण) से भरने के बजाय सीधे मिट्टी और मलबे से दबा दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप सड़कें ऊबड़-खाबड़ हो गई हैं, जिससे दोपहिया वाहन चालक रोजाना दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। DPR के नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहा ठेकेदार स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों ने आरोप लगाया है कि परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (DPR ) में स्पष्ट दिशा-निर्देश होने के बावजूद निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। नालियों के ऊपर किए जा रहे कंक्रीट कार्य में सीमेंट की मात्रा बहुत कम है, जिससे भविष्य में इनके धंसने की पूरी आशंका है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की मौन सहमति के कारण ठेकेदार निरंकुश होकर काम कर रहा है। सरकारी धन की खुली लूट हो रही है। धूल के गुबार से लोग बीमार पड़ रहे हैं और नई सड़कें बनने से पहले ही बर्बाद हो गई हैं। अगर प्रशासन ने जल्द सुध नहीं ली, तो हम उग्र आंदोलन करेंगे। वार्ड के आक्रोशित निवासी प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल नगर पालिका प्रशासन द्वारा इस बड़े प्रोजेक्ट की मॉनिटरिंग न करना कई संदेह पैदा करता है। जनता का सवाल है कि जब काम इतना घटिया हो रहा है, तो संबंधित इंजीनियर और पर्यवेक्षक क्या कर रहे हैं धूल और मिट्टी के कारण न केवल स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ बढ़ रही हैं, बल्कि व्यापारियों का धंधा भी प्रभावित हो रहा है।

# कॉमरेड ज्योति पटेल की स्मरण सभा रूढ़ीवादी कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष की संकल्पसभा

## किसान भवन निर्माण हेतु एक लाख का दान

**नवभारत,गाडरवारा।** कॉमरेड ज्योति पटेल जो नरसिंहपुर जिले के पचामा गांव पंचायत की सरपंच रही थी किंतु उनकी पहचान सिर्फ यही नही थी उनकी पहचान यह थी की वे अपने क्षेत्र की प्रखर समाज सुधारक, जन समस्याओं के खिलाफ लड़ने वाली योद्धा, जनवादी महिला समिति की जिले की नेता के रूप से उन्होंने महिला अधिकारों को भी प्रमुखता से रखा था, लेकिन ये सब करने की ऊर्जा शक्ति उन्हे देती थी।

क्रांतिकारी विचार और उस विचार की वाहक पार्टी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, जिसकी वे नेता थी। कॉमरेड ज्योति पटेल का कैंसर की बीमारी से लड़ते हुए 3 फरवरी 2026 को निधन हो गया, उनके परिवार जो खुद उन्ही की विचार के सहयात्री भी है। उनकी इच्छा के अनुरूप उनकी चिता को मुखग्नि उनकी बेटी जागृति पटेल से दिलवाई और उनकी तेरहवीं




मित्युभोज न कर सामाजिक रूढ़ियों के खिलाफ़ चल रहे अभियान को जारी रखा है। 22 फ़रवरी 2026 को भावसिंह पटेल की अध्यक्षता में ग्राम पचामा में ज्योति पटेल की स्मृति सभा में हजारों की संख्या में उपस्थित सभी वर्गों की महिला पुरुषों के बीच पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह, अखिल भारतीय किसान सभा के संयुक्त सचिव बादल सरोज, मध्यप्रदेश किसान सभा के राज्य महासचिव अखिलेश यादव, आदि। जनवादी महिला समिति की राज्य महासचिव प्रीति सिंह ग्वालियर , मध्यप्रदेश किसान सभा राज्य कार्यालय सचिव उपेंद्र यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष रामनारायण कुरारिया,किसान नेता रामजीत सिंह, कांति कुमार दुबे,संतोष सिंह (रीवा) गयाराम सिंह धाकड़ (मुरैना) कॉमरेड ज्योति एवं जगदीश पटेल की बेटी जागृति पटेल ने भी संबोधित किया। सभा की शुरुआत में किसान नेता रामनारायण कुरारिया द्वारा इस आयोजन की पृष्ठभूमि रखी, स्मृति सभा का संचालन देवेंद् वर्मा ने किया।

**विचार व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी**

सभा मे जिले के लोधी समाज से देवेंद्र पटेल गुड्डू भैया,कौरव महासभा के अध्यक्ष राव पवन सिंह, लोधी समाज के जिलाअध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा, सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष मुकेश बसेड़िया, राजेश माहेश्वरी नर्मदा शुगर मिल, सुनीता पटेल जिला अध्यक्ष कांग्रेस, सुरेन्द्र पटेल मझले भैया, प्रेमनारायण अहिरवार समाजसंघ, अशोक विश्वकर्मा, मनीराम अहिरवार पत्रकार, शेरसिंह राजपूत, जनपदअध्यक्ष चीचली, हरिशंकर लोधी, शैलेन्द्र सिंह पटेल,सुरेश पटेल प्रेमनारायण पटेल, रमेश नगपुरिया, हरिसिंह अहिरवार, गेंदालाल जी सहित कई गणमान्य एवं प्रबुद्ध समुदाय के लोगो द्वारा भी विचार व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी।

# हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह की विशेष पहल के अंतर्गत सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास नरसिंहपुर के दिव्यांग बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए झोतेश्वर रवाना किया गया। डाइट प्राचार्य राजीव श्रीवास्तव ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में डीपीसी मनीष चौकसे, एपीसी अंजू शर्मा, एपीसी समीर त्यागी, आनंद शर्मा, संतोष वैष्णव एवं दीपक श्रीवास्तव मौजूद थे। भ्रमण के लिए डॉ. मंजू सिसोदिया एवं डॉ. मनीष सिसोदिया द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्रावास के वार्डन समस्त छात्रावास स्टाफ, एमआरसी रश्मि पटवा, स्वतंत्र खरे, ब्रजेश राय एवं कल्पना राय का योगदान रहा। यह शैक्षणिक भ्रमण दिव्यांग बच्चों के लिए सीखने, आत्मविश्वास बढ़ाने एवं आनंददायक अनुभव प्राप्त करने का सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ। ऐसे प्रयास समावेशी शिक्षा की भावना को सुदृढ़ करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नरसिंहपुर**

क्रमांक /137/प्र.अ.वि.अ./2026 — विज्ञापन — नरसिंहपुर दिनांक 18/02/2025

(अंतर्गत आदेश 5 नियम 20 (1) (1क) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908)

इस न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 0005/सी-144/2025-26 पक्षकार श्रीराम कालोनाईजर्स भागीदार नीतू मिश्रा एंव योगवती पटेल निवासी 374 प्लाट .क्रं .85 नर्मदानगर एक्सटेशन जौहरिया तहसील करेली द्वारा मौजा जौहरिया, न.ब. 199 प.ह.नं. 13/24, तहसील करेली जिला नरसिंहपुर स्थित भूमि खसरा न.21/4/2 रकवा 0.272 हे., ख.न.21/4/1/2 रकवा 0.272हे. एंव ख.न.21/4/1/3/2 रकवा 0.185 हे. भूमि पर कालोनी विकास अनुमति के संबध मे प्रकरण प्राप्त हुआ है जो पेशी दिनांक 10/03/2026 को नियत है।

उपरोक्त प्रकरण में इस विज्ञापन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति है, तो वे उक्त पेशी दिनांक 10/03/2026 को इस न्यायालय में स्वयं, अधिकृत प्रतिनिधि अथवा अधिवक्ता के माध्यम उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। उपरोक्त नियत पेशी दिनांक 10/03/2026 को व्यक्ति/संस्था के अनुपस्थित होने की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) नरसिंहपुर